# रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे

वर्ष 13 | अंक 18 | कुल पृष्ठ : 8 | मूल्य - 2 रु.

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

इंदौर प्रति मंगलवार , 30 सितम्बर 2025 से 6 अक्टूबर 2025 तक


# वन्य जीव संपदा से लगातार समृद्ध हो रहा है मध्यप्रदेश- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर के प्राणी संग्रहालय का किया अवलोकन, पक्षियों को हाथों में लेकर किया दुलार



इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार सुबह इंदौर के प्राणी संग्रहालय पहुंचे। यहाँ उनका पशु-पक्षियों के प्रति लगाव सामने आया। उन्होंने वन्य प्राणियों का अवलोकन किया। रंग-बिरंगे पक्षियों को हाथों में उठाकर आत्मीयता के साथ दुलार किया। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश वन्य जीव संपदा के दृष्टिकोण से लगातार समृद्ध हो रहा है।

उन्होंने वहां उपस्थित मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा के दौरान कहा कि श्योपुर जिले के कूनो में चीतों के आने के बाद इंदौर के प्राणी संग्रहालय में शिमोगा के जू से दो जोड़ी बायसन का आगमन हुआ है। प्राणी संग्रहालय में नए मेहमानों के आगमन पर उन्होंने इंदौर वासियों को बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि पशु-पक्षियों के साथ जुड़ाव हमें प्रकृति के और करीब लाता है। उनका संरक्षण और संवर्धन समाज की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि वन्य प्राणियों को मध्यप्रदेश का वातावरण अनुकूल लग रहा है, जिससे वे अपना वंश बढ़ा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंदौर के प्राणी संग्रहालय में पहले आए जेब्रा की देखरेख उत्कृष्ट स्तर पर हुई, जिससे जेब्रा ने यहां सफलतापूर्वक वंश वृद्धि की। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में इंदौर के प्राणी संग्रहालय को और बड़ी सौगात मिलने वाली है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्राणी संग्रहालय स्थित "पक्षी विहार" सहित बायसन के बाड़े, स्नेक एक्वेरियम, शुतुरमुर्ग के बाड़े का भी अवलोकन किया। इस दौरान आकर्षक रंगों के भांति-भांति प्रजातियों के पक्षी मुख्यमंत्री डॉ. यादव के हाथों पर आकर बैठ गए, जिन्हें उन्होंने दुलारा। मुख्यमंत्री जी ने किंग कोबरा सहित अन्य प्रजातियों के सर्पों के बारे में भी जानकारी ली। डॉ. यादव ने कहा कि पशु-पक्षी केवल चिड़ियाघरों की शोभा नहीं, बल्कि हमारे पर्यावरणीय तंत्र का अभिन्न हिस्सा हैं। इनके प्रति संवेदनशील होना हर नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि वे पक्षियों और जानवरों के प्रति प्रेम और करुणा का व्यवहार करें। मुख्यमंत्री जी ने यह संदेश भी दिया कि मानवीय संवेदनशीलता ही प्रकृति और समाज के बीच संतुलन बनाए रख सकती है।

इस अवसर पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बताया कि टाइगर ब्रीडिंग एवं एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत इंदौर के जू को शिमोगा के जू से रुद्र, तुलसी, कल्कि और ताप्ती नाम के 4 जंगली भैंसे "बायसन" प्राप्त हुए हैं। इसके बदले इंदौर ने शिमोगा जू को एक टाइगर दिया है। बायसन के साथ ही इंदौर को शुतुरमुर्ग के दो जोड़े भी मिले हैं। इंदौर जू के परिवार में 8 एग्जॉटिक एनिमल हाल ही में जुड़े हैं। यह न केवल इंदौर शहर के लिए बल्कि प्रदेशवासियों के लिए भी बड़ी खुशखबरी है। जल्द ही सेंट्रल इंडिया का सबसे आकर्षक एक्वेरियम यहां स्थापित किया जाएगा।

इस दौरान जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह, कलेक्टर शिवम वर्मा, नगर निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव, विधायकगण रमेश मेंदोला, महेंद्र हार्डिया, मधु वर्मा तथा गोलू शुक्ला, सुमित मिश्रा, अपर आयुक्त नगर निगम रोहित सिसोनिया, एमआईसी मेंबर नंदकिशोर पहाड़िया एवं प्राणी संग्रहालय प्रभारी डॉ. उत्तम यादव सहित अनेक अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

---

## कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में इंदौर स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट लिमिटेड के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक संपन्न

इंदौर । कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की अध्यक्षता में इंदौर स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट लिमिटेड के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक स्मार्ट सिटी कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में निगमायुक्त श्री दिलीप



कुमार यादव, स्मार्ट सिटी के सीईओ श्री अर्थ जैन, इंदौर विकास प्राधिकरण के सीईओ डॉ. परिक्षित झाड़े, अपर आयुक्त श्री रोहित सिसोनिया, मेयर प्रतिनिधि श्री महेश चौधरी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में स्मार्ट सिटी के सीईओ श्री अर्थ जैन ने इंदौर स्मार्ट सिटी द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी दी। बैठक में नेहरू पार्क री-डेवलपमेंट, जिंसी हाट बाजार री-डेवलपमेंट, हेरिटेज डेवलपमेंट और आय बढ़ाने सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। कलेक्टर श्री वर्मा ने प्रारंभ में सभी अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे सभी विकास कार्य गुणवत्ता और समयसीमा के साथ करें। इंदौर विकास प्राधिकरण, नगर निगम और इंदौर स्मार्ट सिटी लिमिटेड समन्वय बनाकर कार्य करें। बैठक में अधिकारियों ने भी अपने विचार और सुझाव रखे।

## प्रदेश के हर चौथे बच्चे को की जा रही है आरटीई के तहत फीस की प्रतिपूर्ति : मुख्यमंत्री यादव

**भोपाल। आरटीई से लाभान्वित स्कूली बच्चों को अगले सत्र से उपलब्ध कराई जाएंगी पाठ्यपुस्तकें और बैग बच्चों की बेहतर शिक्षा और भविष्य की सुरक्षा है आरटीई मुख्यमंत्री ने शिक्षा के अधिकार के अंतर्गत 8.45 लाख से अधिक विद्यार्थियों की फीस प्रतिपूर्ति के 489 करोड़ रुपये निजी स्कूलों को किए अंतरित हरदा जिले के खिरकिया में विकास कार्यों की दी सौगाते ।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारी सरकार सभी वर्गों के हर चौथे बच्चे को प्राइवेट स्कूलों में पढ़ाने की फीस दे रही है। राज्य सरकार ने बच्चों के स्वर्णिम भविष्य के लिए शिक्षा का अधिकार अधिनियम से लाभान्वित निजी स्कूलों के विद्यार्थियों को अगले सत्र से पाठ्यपुस्तकें और बैग उपलब्ध कराने का संकल्प लिया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में देश आगे बढ़ रहा है। मध्यप्रदेश की पहचान आज सबसे तेज गति से आगे बढ़ने वाले राज्य की बन चुकी है। राज्य सरकार ने संपूर्ण प्रदेश में सांदीपनि विद्यालयों की स्थापना की है। विद्यार्थियों को स्कूल से लेकर उच्च शिक्षा तक राज्य सरकार द्वारा हर संभव मदद दी जा रही है। शासकीय स्कूलों के विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिल, ड्रेस और किताबें मिल रही हैं। शाला में प्रथम आने वाले विद्यार्थियों को स्कूटी और 75 प्रतिशत अंक लाने वालों को लैपटॉप प्रदान कर प्रोत्साहित किया जा रहा है। मध्यप्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन आया है। बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाना उनके बेहतर भविष्य की सुरक्षा है। बच्चे अपना भविष्य बनाते हुए देशभक्त नागरिक बनें, वे डॉक्टर, इंजीनियर और शिक्षक बनें, साथ ही सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में भी भूमिका निभाएं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को हरदा जिले के खिरकिया में शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत राज्यस्तरीय कार्यक्रम में 20 हजार 652 अशासकीय विद्यालयों को 489 करोड़ रुपये सिंगल क्लिक से अंतरित कर संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर 72 किलोमीटर लम्बी आशापुर-हरदा सड़क निर्माण की घोषणा भी की। केन्द्रीय राज्यमंत्री श्री दुर्गादास उइके, प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह और पूर्व मंत्री श्री कमल पटेल भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने जो कहा है, वो करके दिखाया है।

# अखिल भारत हिंदू महासभा के द्वारा रखा गया स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**रणजीत टाइम्स**

इंदौर। मध्य प्रदेश की आर्थिक राजधानी कहे जाने वाले इंदौर शहर में अखिल भारतीय हिंदू महासभा के पर्ण उपाध्याय के जन्म दिवस के उपलक्ष में स्वस्थ शिविर का आयोजन किया गया वही नवनियुक्त पदाधिकारी को अखिल भारतीय हिंदू महासभा का दायित्व दिया गया इस स्वास्थ्य शिविर में की गई।

जहां कई मरीज ने और क्षेत्रीय रहवासियों ने अपना चेकअप कराया स्वास्थ्य शिविर में आंखों की जांच खून पेशाब की जांच ब्लड प्रेशर की जांच ऐसे कई प्रकार की जांच कराई गई इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से क्षेत्रीय पार्षद शानू शर्मा अखिल भारत हिंदू महासभा महिला प्रदेश अध्यक्ष डॉ संगीता कौशल अखिल भारत हिंदू महासभा इंदौर संभाग अध्यक्ष मोहित आनंद महाराज अखिल भारत हिंदू महासभा जिला मंत्री मोहन चौधरी अखिल भारत हिंदू महासभा संगठन मंत्री अजय राठौर उपस्थित हुए।

# नो एंट्री का पालन नही करने वाले, 23 भारी वाहनों पर की गई चालानी कार्यवाही

**5000-5000 हजार का जुर्माना कर, दी प्रशासन के निर्देशों का पालन करने की हिदायत**

इंदौर। शहर में सुगम सुरक्षित व सुखद यातायात हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशन में पुलिस द्वारा लगातार यातायात प्रबंधन का कार्य एवं नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही भी की जा रही है। इसी अनुक्रम में वरिष्ठ अधिकारी के निर्देशन में लगातार नो एंट्री में भारी वाहनों पर निगरानी रख प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में कल दिनांक 28 सितंबर की सुबह से आज 29 सितंबर की सुबह तक, पुलिस प्रशासन के निर्देशों व नियमों का उल्लंघन कर नो एंट्री में भारी वाहनों को लाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध, इंदौर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए




कुल 23 वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की गई और उन्हें हिदायत दी गई कि आदेशों की अवहेलना करने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी , इसलिए प्रशासन द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों का पालन करें। साथ ही सभी को प्रतिबंधित मार्गो का ध्यान रख, निर्धारित समय के अनुसार ही वाहनों को चलाने और प्रशासन द्वारा दिए निर्देशो का पालन कर सहयोग करने की समझाईश दी गई।

# इंदौर एरोड्रम पुलिस की तत्परता ने बचाए साइबर फ्रॉड से 6 92.200 रुपए

इंदौर। आवेदक ने पैसे दोगुनी करने के लालच में साइबर फ्रॉड में गवाये 18 लख रुपए थाने पर प्राप्त होने वाली साइबर धोखाधड़ी की शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई करने हेतु वरिष्ठ अधिकारी पुलिस आयुक्त श्री संतोष कुमार सिंह अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्री अमित सिंह पुलिस उपयुक्त जोन वन श्री कृष्ण लालचंदानी अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त श्री आलोक कुमार शर्मा सहायक पुलिस आयुक्त श्री विवेक सिंह चौहान जी द्वारा थाना प्रभारी एरोड्रम तरुण सिंह भाटी को निर्देश दिए गए थे उक्त निर्देशों के पालन में दिनांक 26 9.2025 को रात लगभग 10:30 बजे अभी तक मनीष सोलंकी निवासी जय भवानी नगर थाना एरोड्रम इंदौर उपस्थित हुआ आवेदक काफी घबराया हुआ था आवेदक ई काउंसलिंग कर उसे जानकारी लेने पर उसने बताया कि कुछ दिन पूर्व उसे व्हाट्सएप पर एक मैसेज प्राप्त हुआ था जिसमें टास्क जॉब देने और निवेश पर दोगुना धनराशि लौटने के



लालच दिया गया आवेदक द्वारा प्रारंभ में 5000 निवेश करने पर उसे 10000 प्राप्त तथा पुन 5000 निवेश करने पर फिर 10000 प्राप्त हुए इसके बाद अज्ञात आरोपियों ने आवेदक को लालच देकर 66000/1.53.000/, 2.59.000/, 6.92.200/, एवं 7.00.000/- रुपए कल 18 लाख दिनांक 22 9 2025 से 26 9 2025 तक विभिन्न बैंक खातों में जमा करवा लिए आवेदक की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक तरुण सिंह भाटी द्वारा तत्काल शिकायत साइबर क्राइम पोर्टल पर पंजीकृत कराई गई तथा संबंधित बैंक खातों को फ्रीज करने की कार्रवाई प्रारंभ की गई तत्पर कार्रवाई के फल स्वरुप आवेदक के 6.92.200/, रुपए नहीं खाते में ट्रांसफर होने से पूर्व ही सुरक्षित बचा लिए गए उक्त कार्रवाई में निरीक्षक तरुण सिंह भाटी व आरक्षक 197 अमर जाटव की सराहनीय भूमिका रही

जनहित में अपील इंदौर पुलिस नागरिकों से अपील करती है कि किसी भी अज्ञात लिंक एप या मैसेज में निवेश कर लालच में ना आए किसी भी प्रकार की संदीप ऑनलाइन गतिविधि की जानकारी तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 अथवा नजदीकी थाना साइबर सेल में दें।

# गायत्री शक्तिपीठ पिछोर में भव्यता के साथ मनाया गरबा डांडिया महोत्सव

## तैरह ग्रुपों नें अलग-अलग भाग लेकर किया अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन

जगदीश पाल। पिछोर(शिवपुरी)गायत्री शक्तिपीठ पिछोर के तत्वाधान में 28 सितंबर रविवार को गायत्री शक्तिपीठ की संचालिका राजकुमारी लोधी एवं समिति के सदस्यों के मार्गदर्शन में गरबा डांडिया महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन भव्यता के साथ मनाया गया!

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में पिछोर क्षेत्रीय विधायक प्रीतम सिंह लोधी एवं विशिष्ट अथिति के रूप में एसडीएम श्रीमती ममता शाक्य उपस्थित रही,कार्यक्रम के दौरान विधायक द्वारा सर्वप्रथम माता रानी की पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित किया गया एवं इसके साथ ही प्रज्ञा साहित्य विक्रय केंद्र स्टॉल का विधायक द्वारा फीता काटकर शुभारम्भ किया गया,इसके पश्चात कार्यक्रम की संचालिका राजकुमारी लोधी,सुनील कुमार लोधी सहित समिति के सदस्यों द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का पुष्प गुच्छ एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया! कार्यक्रम के दौरान गरबा डांडिया में पिछोर नगर की छात्राओं एवं महिलाओं ने सज धज कर इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया, ओर धार्मिक भक्ति भजनों पर एक से एक बढ़कर प्रस्तुतियां दी! यहां बता दें कि डांडिया गरबा के लिए समिति द्वारा13 ग्रुप बनाये गये थें, जो सभी ग्रुपों के प्रतिभागियों द्वारा अलग-अलग भाग लेकर लोगों के बीच अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया! इसके साथ ही कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि पिछोर एसडीएम श्रीमती ममता शाक्य के द्वारा ग्रुप के सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरण कर सम्मान किया गया! एवं उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि इस तरह के आयोजन महानगरों में होते देखे हैं आज इस तरह के कार्यक्रम देखकर प्रसन्नता हुई है ऐसी कार्यक्रम होते रहना चाहिए जिससे लोगों में बहुत कुछ सीखने को मिलता है, हम आयोजन समिति को धन्यवाद देतें हैं जिन्होंने इतना अच्छा कार्यक्रम कराया!अंत में कार्यक्रम का संचालन बृजेश गुप्ता



आचार्य जी द्वारा किया गया!

रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार
इंदौर प्रति मंगलवार , 30 सितम्बर 2025 से 6 अक्टूबर 2025 तक



# भजन संध्या

## नगरीय प्रशासन मंत्री ने गाए भजन



### 30 साल बेमिसाल... ऐतिहासिक आयोजन, भारत की जीत पर उमड़ा जश्न

देपालपुर देपालपुर। नवरात्र के पावन अवसर पर आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देपालपुर में उस समय देखने को मिला, जब भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता एवं नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने लगातार 30वें साल भी अति प्राचीन महिषासुर मर्दिनी माता मंदिर पहुंचकर मां की आराधना की और भजनों की प्रस्तुति दी। देर रात 2.30 बजे तक चले इस ऐतिहासिक आयोजन में हजारों श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे नजर आए। इस परंपरा की शुरुआत वर्ष 1996 में तत्कालीन भाजपा जिलाध्यक्ष चिंटू वर्मा ने मात्र 14 वर्ष की आयु में की थी। तब से लेकर अब तक कैलाश विजयवर्गीय हर साल यहां पहुंचकर मां की भक्ति का संकल्प निभा रहे हैं। कोविड काल में भी उन्होंने वर्चुअल माध्यम से भजन प्रस्तुत कर इस परंपरा को जीवित रखा। कार्यक्रम में मंच पर इस बार प्रसिद्ध भजन गायक गोकुल शर्मा और खाटू श्याम की भजन गायिका अंजलि द्विवेदी ने भी प्रस्तुति दी। देर रात तक गूंजे इन भजनों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

मंच से संबोधित करते हुए कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि यह आयोजन किसी राजनीतिक मकसद से नहीं, बल्कि मां की भक्ति और आराधना के लिए होता है। साथ ही उन्होंने इंदौर नगर निगम द्वारा देपालपुर में स्वच्छता की जिम्मेदारी संभालने पर लोगों को बधाई दी और कहा कि अब देपालपुर भी स्वच्छ नगरों की सूची में शामिल होगा। इसी दौरान भारत और पाकिस्तान के क्रिकेट मैच में भारत की जीत की खबर आते ही वातावरण देशभक्ति के रंग में रंग गया। मंच से तिरंगा लहराया गया और देशभक्ति गीतों के बीच करीब दस हजार लोगों ने विजय का जश्न मनाया। भक्ति, आस्था और देशभक्ति का यह अद्भुत संगम हर किसी के लिए यादगार बन गया। लगातार तीसरे दशक में भी कैलाश विजयवर्गीय का संकल्प अटूट रहा और मां की भक्ति के साथ समाज को संदेश देने का सिलसिला जारी है। इस अवसर पर लोगों ने चिंटू वर्मा के योगदान के लिए आभार भी व्यक्त किया।

# हार्ट हेल्थ का सभी रखें ध्यान : मुख्यमंत्री

### मुख्यमंत्री ने विश्व हृदय दिवस पर दिया संदेश

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि 'विश्व हृदय दिवस' पर सभी प्रदेशवासी अपने हृदय की सुरक्षा को प्राथमिकता देने का संकल्प लें और लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें। मुख्यमंत्री कहा कि अगर हृदय स्वस्थ रहेगा, तभी जीवन में आनंद और परिवार में खुशियों का वास होगा। आवश्यक है कि सभी अपने स्वास्थ्य का सदैव ध्यान रखें।

## अहिल्याश्रम क्रमांक-2 में महाआरती और 3000 कन्याओं का पूजन व भोजन प्रसादी वितरण



इंदौर, शासकीय सांदीपनि अहिल्याश्रम कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-2 में सोमवार को दुर्गा उत्सव मनाया गया। प्राचार्य श्री दीपक हलवे ने बताया कि सभी छात्राएं हर्षोउल्लास के साथ गरबा की परंपरागत रंग बिरंगी ड्रेस पहनकर आज स्कूल पहुँची। स्टाफ की तरफ से मां दुर्गा की आरती कर तीन हजार छात्राओं का पूजन कर भोजन प्रसादी कराई गई तथा उपहार वितरित किये गए। कार्यक्रम का संयोजन सुषमा राठौर और धीरेंद्र शुक्ला ने किया।

# थाना बनगंगा मे पकड़ाया नकली नोट का गिरोह

इंदौर मध्य प्रदेश की आर्थिक राजधानी कहां जाने वाला शहर इंदौर शहर निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ता जा रहा है इंदौर शहर को कुछ लोग गंदा करने के लिए भी शहर आकर उल्टा सीधा व्यापार करने लगते है लेकिन हमारे शहर के पुलिस अधिकारी ऐसा नहीं होने देते हैं थाना बाणगंगा प्रभारी सियाराम सिंह गुर्जर जी के द्वारा 200 रुपए के नकली नोट गिरोह का भांडा फोड़ किया।

चार आरोपियों के द्वारा शहर में 200 रुपए के नकली नोट चलाने की फिराक से इधर-उधर घूम रहे थे कुछ एक नोट उन्होंने चलाई भी लेकिन इसकी सूचना जब थाना प्रभारी जी को लगी तो उन्होंने तुरंत एक टीम का गठन किया और अपनी पुलिस फोर्स को तुरंत चारों अपराधियों की तलाश में भेज दिया वहीं थाना बाणगंगा की पुलिस फोर्स के द्वारा कुछ ही समय में चारों अपराधियों को पकड़ लिया जब उनसे पूछताछ की गई



तो उन्होंने बताया कि हम नकली नोट लेकर आए हैं अपराधियों ने बताया कि हमें थोड़ा ही समय हुआ है हमसे पहली बार गलती हुई है आरोपी 1. यशराज मीणा पिता अजमल मीणा उम्र 21 साल निवासी ग्राम बम्मनगांव थाना छनेरा जिला खंडवा 2.सौरभ पिता रामचंद्र देशवाली उम्र 24 साल निवासी दीप गांव थाना सिराली जिला हरदा 3. हेमंत कुशवाह पिता बाबूलाल कुशवाहा उम्र 19 साल निवासी न्यू गोरी नगर खाती धर्मशाला की साइट वाली गली थाना हीरानगर स्थाई पता ग्राम नारेनी जिला रीवा 4. शुभम मीणा पिता सुरेश मीणा उम्र 20 साल निवासी ग्राम डाबरी थाना मूंदी जिला खंडवा।

# अनुशासन

विपिन जैन



पेड़ नहीं, पर जाम लगा है बड़ा,
दो पहिया इधर, चौपाया उधर खड़ा।
दूर... बहुत दूर तक पड़ा है जाम,
पर खाए कोई भी नहीं,
जिसने खाया उसे लगा कड़ा।

फिर भी आगे-आगे बड़ा,
तो सबको सड़ाया और खुद भी सड़ा।
सब कहें — यह बात है आम,
लगे जाम सुबह-शाम।

होटल वालों की होती चांदी,
कोई मांगे जलेबी, कोई आलूबड़ा।
और तो और,
पानी का मोल भी बढ़ा-बढ़ा।

न लगता जाम, न होती बात आम,
न परेशान होते महिला-बच्चे,
न मरते मरीज ऐसे रास्ते-रास्ते।
समय पर पहुँचते सब अपने काम,
यदि यातायात नियम का होता पालन।

या पहरेदार डंडा लेकर,
चालान बनाने होता खड़ा।
चालक रहे यदि शिक्षित,
तो मानव जीवन रहे सुरक्षित।



# कुनबी समाज के गौरव और मातृशक्ति की प्रेरणा,श्रीमती करुणा योगेश चिल्हाटे जी का सम्मान







अपने अदम्य साहस और समर्पण से, उन्होंने मां ताप्ती की नगरी बैतूल से लेकर पूरे मध्यप्रदेश और राष्ट्र स्तर तक खेल जगत में एक नया इतिहास रचा है। क्षत्रिय लोणारी कुनबी समाज युवा संगठन, जिला इंदौर द्वारा करुणा जी का सम्मान करना हमारे लिए गर्व का विषय है। उनकी उपलब्धियां हमें यह बताती हैं कि कड़ी मेहनत और मजबूत इरादों से कुछ भी हासिल किया जा सकता है।

करुणा जी की प्रमुख उपलब्धियाँ: पैरा ताइक्वांडोः स्टेट चैम्पियनशिप सिल्वर (इंदौर, 2024) और नेशनल चैम्पियनशिप ब्रॉन्ज (पंजाब, 2024)। पैरा टेबल टेनिसः "खेलो इंडिया" में मध्यप्रदेश की 9वीं कक्षा की पहली खिलाड़ी के रूप में चयन (दिल्ली, 2025)। इस ऐतिहासिक क्षण का सीधा प्रसारण राष्ट्रीय टीवी पर हुआ। पैरा एथलेटिक्सः 100 मीटर पैरा रेसिंग में गोल्ड और डिस्कस थ्रो में भी गोल्ड (भोपाल, अगस्त 2025)। करुणा जी न केवल हमारे समाज का नाम रोशन कर रही हैं, बल्कि अपनी मेहनत और जज़्बे से आने वाली पीढ़ियों के लिए एक मिसाल कायम कर रही हैं। आपकी लगन और कामयाबी के लिए आपको बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएँ!

करुणाचिल्हाटे #प्रेरणास्रोत #पैराएथलीट #कुनबीसमाज खेलोंइंडिया #बेतुल #इंदौर #MatrShakti

# श्रध्दांजली



हम सब गहरे दुःख के साथ यह सूचित करते हैं कि पूज्य पिता तुल्य, प्रातः स्मरणीय डॉ. रमेशचन्द्र जाटवा जी (पूर्व अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा – उज्जैन संभाग एवं इंदौर संभाग, उज्जैन) अब हमारे बीच नहीं रहे। आपके द्वारा दिए गए अमूल्य संस्कार, शिक्षा और मार्गदर्शन सदैव समाज को दिशा देते रहेंगे। आपकी अनुपम छवि, सरलता और कार्यनिष्ठा हमेशा हमारे हृदयों में जीवित रहेगी। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और शोकाकुल परिवार को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति दें।

– रंजीत टाइम्स परिवार

# पिछोर विधायक प्रीतम सिंह लोधी हुए वरिष्ठ दिव्यांगजन जाँच शिविर में शामिल

जगदीश पाल

पिछोर (शिवपुरी) पिछोर जनपद पंचायत कार्यालय में 25 सितंबर गुरुवार को भारत सरकार की योजना राष्ट्रीय व्योश्री योजना के अंतर्गत पिछोर क्षेत्रीय विधायक प्रीतम सिंह लोधी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर एलिमको की जांच परीक्षण टीम के द्वारा पिछोर तथा खनियाधाना के ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र के संयुक्त वरिष्ठजनों का सहायक उपकरण बैसाखी,छड़ी, कान की मशीन, व्हीलचेयर और अन्य महत्वपूर्ण उपकरण के लिए चिन्हाकित किया गया, जिसमें परीक्षण के दौरान 150 वृद्धजनों का पंजीयन हुआ, जिसमे इन सभी के सहायक उपकरण का वितरण आगामी शासन की निर्धारित तिथि के अनुसार किया जाएगा विधायक द्वारा उद्बोधन देते हुए कहा कि हमारी सरकार द्वारा प्रत्येक व्यक्ति को किसी न किसी रूप में हर सुविधा उपलब्ध करा रही है, आज ऐसा कोई व्यक्ति नहीं है जिसके लिए शासन कुछ ना कुछ लाभ न दे रही हो,उन्होंने कहा है कि पिछोर क्षेत्र मैं अभी 2 साल भी नहीं हुए है ओर मैने जो काम किये है वह सब आप लोगों के सामने हैं,और आगे 5 साल तक में पिछोर विधानसभा क्षेत्र में मैं बहुत कुछ विकास करूंगा यह मेरा लक्ष्य है और मेरा सपना भी है।

# दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर लिया स्वदेशी अपनाने का संकल्प

दैनिक रणजीत टाइम्स

**जगदीश पाल**

पिछोर( शिवपुरी) जन अभियान परिषद् पिछोर द्वारा सीएमसीएल डीपी की कक्षाओं के उन्मुखी कार्यक्रम में दीनदयाल उपाध्याय जयंती मनाते हुए स्वदेशी वस्तु अपनाने का संकल्प लिया कार्यक्रम मे सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के छायाचित्र पर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार गंधर्व सर ने दीप प्रज्वलित करते हुए उपाध्याय जी के छाय चित्र पर माल्यार्पण किया और सभीको स्वदेशी अपनाने का संकल्प दिलाया कार्यक्रम मे उत्कृष्ट विधालय प्राचार्य गंधर्व गौतम मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद ब्लॉक समन्वयक श्रीमती अभिलाषा शर्मा समाज सेवी




रजनीश तिवारी परामर्श दाता योगेश शर्मा मनीष भार्गव सीएमसीएल डीपी के छात्र एवं छात्राएं सहित ग्राम समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# दिल्ली की भाजपा सरकार का बड़ा ऐलान



जब अन्य राज्यों में डांडिया और नवरात्रि के उत्सव रातभर चल सकते हैं..!

1. तो दिल्लीवालों का क्या कसूर है, दिल्ली वाले क्यों नहीं उत्सव मना सकते हैं।

2. रामलीला का मंचन और दुर्गा पूजा रात के 10 बजे खत्म नहीं हो सकती

इसलिए हमने दिल्ली में लाउडस्पीकर बजाने की समय सीमा 10 बजे से बढ़ाकर 12 बजे तक कर दिया है।

: रेखा गुप्ता, मुख्यमंत्री, दिल्ली

# तीसरी आंख की निगाह हर दुर्गा पंडाल पर और प्रतिमा पर सतत जारी है -प्रदीप राय




संजय प्रेम जोशी

बागली। नवरात्रि पर्व के एक दिन पहले शांति समिति की बैठक के दौरान बागली पुलिस अनु विभागीय अधिकारी सृष्टि भार्गव बागली थाना प्रभारी प्रदीप राय द्वारा आगामी पर्व शांति व्यवस्था से मनाए जाने की अपील की गई शांति समिति बैठक के दौरान नगर में आवारा पशु और बार-बार विद्युत कटौती परेशानी के साथ-साथ माता पाडांल और मंदिरों के आसपास गंदगी का मुद्दा उठाया गया जिसे संबंधित विभाग को अवगत करा दिया गया है। नगर परिषद सी एम ओ प्रमोद बरुवा ने बताया कि उनकी सफाई मित्र टीम मंदिरों के आसपास विशेष रूप से कार्य कर रही है। विद्युत विभाग से जुड़े अधिकारी निमेष कुमार ने आश्वासन दिया है की नवरात्रि पर्व के दौरान विद्युत कटौती नहीं के बराबर की जाएगी विशेष कर रात्रि में सतर्कता बरती जाएगी बागली थाना प्रभारी प्रदीप राय ने बताया कि उनके पास सभी दुर्गा पंडाल और माता मंदिरों की सूची और जानकारी उपलब्ध है। इन सभी स्थानों पर तीसरी आंख सी सी टी वी कैमरे के रूप में अपना काम कर रही है। फिर भी नागरिकों से निवेदन है ।कि वह अपने घरों पर लगे कैमरे का फोकस मुख्य मार्ग और मंदिरों की तरफ करें। आने वाले सभी त्योहार शांति से निपट जाए यही सब की कामना है। मंगलवार को बागली थाना परिसर में पी सी डब्ल्यू जे के नवागत डिजिटल मीडिया प्रदेश अध्यक्ष सुनील योगी प्रदेश महामंत्री डी एल चौहान प्रदेश प्रवक्ता अरविंद सिंग लोधी जनसंपर्क कार्यालय को प्रेषित संगठन की सूचना का पत्र लेकर पहुंचे उस वक्त थाना प्रभारी प्रदीप राय ने सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी देते हुए कहा कि बागली अमन और शांति का शहर है ।लेकिन फिर भी हम सभी को निगाह रखना जरूरी है।

# सांदीपनि विद्यालय के व्यवसायिक छात्रों छात्राओं ने किया औद्योगिक भ्रमण



जगदीश पाल

सांदीपनि विद्यालय खनियाना के व्यावसायिक पाठ्यक्रम अंतर्गत फिजिकल एजुकेशन ट्रेड के छात्रों ने चंदेरी वाटर पार्क का भ्रमण किया जिसमें चंदेरी वाटर पार्क म्यूजियम किला कोठी हैंडलूम इत्यादि स्थान को घुमा जिसमें चंदेरी वाटर पार्क में ले जाकर पहले वाटर पार्क से कैसे कैसे बनता है कितनी लागत आती है उसके बाद विद्यालय की व्यवसायिक प्रशिक्षक रोहित पाठक बा साइकोलॉजिस्ट मोहन सोनी द्वारा बच्चों को स्विमिंग करने तथा पानी में योगासन करने की तीन-तीन घंटे दो बार ट्रेनिंग दी गई जिसमें 60 छात्र छात्राओं में से 20 छात्र स्विमिंग करने में परफेक्ट हुए और 15 छात्रों ने योगासन लगाएं जो छात्राएं कभी घर से बाहर नहीं निकलती थी बाह छात्राएं आज पानी में योगासन लगाकर स्विमिंग कर स्किल इंडिया सपना साकार करते नजर आए हैं इसमें हमारा मार्गदर्शन मोहित भार्गव जिला एडीपीसी राजा बाबूआर्य जिला शिक्षा अधिकारी विवेक श्रीवास्तव जी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ यह विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है।

# भोपाल पुलिस ने महिंद्रा एंड महिंद्रा के नकली पार्ट्स बेचने वाले तीन अभियुक्त को रंगे हाथो पकड़ा







**रणजीत टाइम्स**

भोपाल- महिंद्रा एंड महिंद्रा की अधिकृत टीम के द्वारा दर्ज की गई शिकायत के आधार पर मध्य प्रदेश के भोपाल पुलिस ने महाराणा प्रताप नगर इलाके में 3 स्थान पर छापेमारी की। भोपाल पुलिस के पुलिस उपायुक्त, श्री आशीष सिंह के आदेश पर कार्रवाई करते हुए, एमपी नगर पुलिस स्टेशन के उप-निरीक्षक श्री कुलदीप खरे की टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया। छापेमारी के दौरान, नकली महिंद्रा एंड महिंद्रा के पार्ट्स, फिल्टर्स आदि जप्त किये गए. छापेमारी के दौरान अल्फा मोटर्स से, सतीश कौशल, उम्र - 32 वर्ष, न्यू काका ऑटो पार्ट्स से, नरेश शिवानी, उम्र - 54 वर्ष व् पैराडाइज मोटर्स से, आदिल, उम्र - 24 वर्ष के रूप में पहचाने गए आरोपी को नकली महिंद्रा एंड महिंद्रा के स्पेयर पार्ट्स मामले में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने एफआईआर संख्या 0312/2025 के तहत मामला दर्ज किया है। कॉपीराइट अधिनियम, 1957 की धारा 63 के तहत आरोप लगाया है। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

# आत्मा की जागृति के लिए ध्यान में स्थित होना ही एकमात्र साधन है

योग के संबंध में कहा जा सकता है कि योग स्थूलता से सूक्ष्मता की ओर जाना अर्थात बाह्य से अंतर्मुख होना है। योग प्रक्रिया में यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार के पांच बहिरंग साधन हैं और धारणा, ध्यान, समाधि अंतरंग साधन हैं। योग का वास्तविक अर्थ है हमारी आंतरिक शक्ति का परमात्मा की प्रेम की शक्ति से एकरूप होना। समग्र याने इन्टीग्रेटेड हुए बिना ध्यान की हर पद्धति अधूरी है। स्वयं का साक्षात्कार किए बिना परम शक्ति को अनुभव नहीं किया जा सकता। सहजयोग में यह कुंडलिनी जागरण से आसान हो जाता है।



## आत्मा की जागृति के लिए ध्यान में स्थित होना ही एकमात्र साधन है

ध्यान प्रक्रिया एक व्यक्तिगत आंतरिक प्रक्रिया होती है। जहां आप नितांत अकेले होते हैं। जब स्थूल गौण होने लगता है व सूक्ष्म की जागृति होती है। निर्विचारिता का प्रादुर्भाव होता है व हम भूत और भविष्य को छोड़कर वर्तमान में स्थित हो जाते हैं। इस स्थिति को श्री माताजी ने अत्यंत ही सुंदर शब्दों में व्यक्त किया है कि, "सर्वप्रथम ध्यान है दूसरे धारणा फिर समाधि। साधना जब आपमें जागृत होती है तो आप अपना चित्त अपने इष्ट पर डालते हैं - यह ध्यान है। आपने निरंतर अपना चित्त अपने इष्ट देवता पर रखना है, तब आपमें वह स्थिति विकसित होती है जो धारणा कहलाती है। जिसमें आप के चित्त का एकीकरण इष्ट देवता के साथ हो जाता है। यह स्थिति परिपक्व होने के पश्चात तीसरी अवस्था समाधि का उदय होता है। ( मुंबई, 19/1/ 1984 ) नियमित ध्यान धारणा द्वारा जब पांचों तत्वों का जय हो जाता है तब फिर योगी के लिए ना रोग है ना जरा है ना दुख है क्योंकि उसने वह स्थिति पा ली है जो योग से प्रकट हुई है। योग का पहला फल यही होता है शरीर हल्का हो जाता है, आरोग्य रहता है, विषयों की लालसा मिट जाती है, कांति बढ़ जाती है, स्वर मधुर हो जाता है, गंध शुद्ध हो जाता है तथा उत्सर्जन के कार्यों में क्षीणता आती है। इसके पश्चात् आत्मा के शुद्ध स्वरूप का साक्षात् होता है। व्यक्ति आत्मतत्व से साक्षात् करके सब शोक को पार करता हुआ परम से एकाकार हो जाता है। उसकी कृपा में कृतार्थ हो जाता है। सहजयोग सृष्टि के आनंद को प्राप्त करने का योग है। प्रतिपल इस आनंद में स्थित रहने के लिए श्री माताजी के समक्ष कुंडलिनी जागरण द्वारा आत्म साक्षात्कार प्राप्त कर आप इस राह के राही बन सकते हैं स्वयं को एक अवसर अवश्य प्रदान करें परमात्मा के साम्राज्य का अधिकारी बनने का।कुंडलिनी जागरण द्वारा आत्मसाक्षात्कार प्राप्त करने हेतु टोल फ्री नम्बर 18002700800 पर सम्पर्क करें।

# महिला महाविद्यालय में छात्रा संगोष्ठी आयोजित





**महिला महाविद्यालय किदवई नगर कानपुर में हिंदी विभाग द्वारा हिंदी पखवाड़ा समापन समारोह के अंतर्गत छात्रा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय हिंदी विश्व भाषा की ओर कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या प्रो अंजू चौधरी ने माँ शारदे की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन द्वारा किया।**

छात्राओं को संबोधित करते हुए प्राचार्या ने कहा कि हिंदी सिर्फ हमारी भाषा ही नहीं अपितु भारतीय संस्कृति की आधार स्तंभ भी है और आज हिंदी भाषा संपूर्ण विश्व में भारतीय गौरव का प्रतीक बन रही है। हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो रश्मि चतुर्वेदी ने बताया कि हिंदी का विश्व के विभिन्न देशों में तेजी से प्रचार प्रसार हो रहा है तथा भविष्य में हिंदी भाषा के क्षेत्र में युवाओं के लिए अनेक अवसर सृजित होंगे। हिंदी विभाग की प्रवक्ता प्रो ज्योति किरण ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदी में प्रचुर ज्ञान संपदा संचित है। जिससे देश ही नहीं विदेश में भी इसके प्रति आकर्षण बढ़ रहा है और बड़ी संख्या में लोग इसे सीख रहे हैं। संगोष्ठी में छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया और अपने विचार रखे जिनमें अन्जलि बाजपेयी श्रेया कसौधन सायमा अंजुम सुहानी गुप्ता वंशिका आदि की प्रस्तुति विशेष सराहनीय रही। छात्राओं ने बताया कि विश्व के 150 से अधिक देशों में हिंदी का शिक्षण किया जा रहा है, इसके अतिरिक्त सोशल मीडिया और इंटरनेट में हिंदी का तेजी से बढ़ता प्रयोग इस बात का प्रमाण है कि हिंदी विश्व भाषा बनने की ओर अग्रसर है। संगोष्ठी को सफल बनाने में निर्णायक मंडल प्रो० ज्योति किरण डॉ अंजू श्रीवास्तव डॉ सबा यूनुस की विशेष भूमिका रही। कार्यक्रम का मंच संचालन हिंदी विभाग की शोध छात्रा हिमांशी ने किया। अंत में हिंदी पखवाड़ा समारोह के अंतर्गत आयोजित की गयी विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की लगभग 125 छात्राओं ने सहभागिता की तथा महाविद्यालय की सभी प्रवक्ताएँ भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के आयोजन में हिंदी विभाग की अध्यक्षा प्रो० रश्मि चतुर्वेदी, प्रो० ज्योति किरण, डॉ० रेनू श्रीवास्तव तथा शोध छात्रा हिमांशी यादव का सक्रिय सहयोग रहा।छात्रा संगोष्ठी के परिणाम इस प्रकार रहे- प्रथम स्थान सुहानी गुप्ता, द्वितीय स्थान खुशी, तृतीय स्थान युसरा नसीम सांत्वना स्वेच्छा सिंह, अनामिका शुक्ला। हिंदी विभाग द्वारा कक्षा में सर्वाधिक उपस्थिति तथा सर्वश्रेष्ठ छात्रा पुरस्कार से भी 10 छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।



# मथुरा-वृंदावन

**देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बिते कल किया दौरा अपने परिवार संग बांके बिहारी मंदिर में पूजा-अर्चना की इसके बाद निधिवन पहुंचीं इस दौरान मथुरा-वृंदावन में सुरक्षा व्यवस्था सख्त रही।**

# यमुना आज भी देश की सर्वाधिक प्रदूषित नदी

प्रतिवर्ष सितंबर महीने के चौथे रविवार को सारी दुनिया के साठ देश 'नदी दिवस' मनाते हैं। इस दिन सब भारतीयों से हाथ जोड़कर निवेदन है कि अपने आसपास की नदी को 'मां' कहना कृपया बंद कर देंक्योंकि दुनिया भर में कोई भी समाज अपनी मां पर कचरा नहीं फैंकता है। हम जान-बूझकर फैंकते हैं। अकेली गंगा में ही हम प्रतिदिन एक अरब गैलन गंदगी डालते हैं। यमुना आज भी देश की सर्वाधिक प्रदूषित नदी है।नर्मदा में हम प्रतिदिन कुल मिलाकर 150 हजार गैलन कचरा फैंकते हैं।इसमें सर्वाधिक कचरा तो अकेला जबलपुर शहर फैंकता है।

नर्मदा पर अध्ययन करने वाले लोग कह चुके हैं कि इसकी सारी सहायक नदियां मर रही हैं।इसके कारण नर्मदा का अस्तित्व आज नहीं तो कल खतरे में पड़ना ही है।कितना ही दिल समझा लें,लेकिन भारत की लगभग किसी भी नदी का पानी पीने लायक नहीं बचा है। ये चित्र गंगा,यमुना व नर्मदा के हैं।



# इंदौर की पारेषण व्यवस्था सुदृढ़ करने एम.पी. ट्रांसको ने राऊ ने ऊर्जीकृत किया 50 एम.व्ही.ए. क्षमता का अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर: ऊर्जा मंत्री

आदित्य शर्मा

इंदौर। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) ने इंदौर क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था को सुदृढता प्रदान करने अपने 132 के.व्ही. सबस्टेशन राऊ में 50 एम.व्ही.ए. क्षमता का एक नया पावर ट्रांसफार्मर स्थापित कर ऊर्जीकृत किया है। 920 लाख रूपये की अनुमानित लागत से स्थापित इस अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकृत होने से न केवल सबस्टेशन की क्षमता वृद्धि हुई है, बल्कि सबस्टेशन में दूसरे पावर ट्रांसफार्मर की वैकल्पिक व्यवस्था होने से जहां मेंटेनेन्स के कार्यों में लचीलापन आयेगा वहीं इंदौर शहर के उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण विद्युत उचित वोल्टेज पर प्राप्त होगी। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने इंदौर शहर की विद्युत व्यवस्था की सुदृढ़ता प्रदान करने के इस महत्वपूर्ण कार्य में संलग्न कार्मिकों को बधाई दी है।

## इन क्षेत्रों में होगा विशेष लाभ:-

एम.पी. ट्रांसको के मुख्य अभियंता श्री अमर कीर्ति सक्सेना ने बताया कि 132 के.व्ही. राऊ सबस्टेशन में इस ट्रांसफार्मर के स्थापित होने से



राऊ क्षेत्र के अलावा मऊ, हर्षोला, सिलिकान सिटी, पेंथर, वेटनरी क्षेत्र के उपभोक्ताओं को फायदा पहुँचेगा। इस ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकृत होने से जहां सबस्टेशन की क्षमता बढ़कर 113 एम.व्ही.ए. हो गई है, वहीं इंदौर की ट्रांसफॉर्मेशन केपेसिटी बढ़कर 4402 एम.व्ही.ए. हो गई है। इंदौर में एम.पी. ट्रांसको अपने 13 एक्स्ट्रा हाईटेंशन सबस्टेशनों के माध्यम से विद्युत पारेषण करती है। जिसमें 400 के.व्ही. के एक, 220 के.व्ही. के पांच और 132 के.व्ही. के सात सबस्टेशन शामिल है।

प्रदेश की ट्रांसफार्मेशन क्षमता बढ़ाकर हुई 82061 एम.व्ही.ए. की : - इस ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकृत होने से प्रदेश मे कुल ट्रांसफार्मेशन क्षमता बढ़कर 82061 एम.व्ही.ए. की हो गई है, वर्तमान में एम.पी. ट्रांसको के सक्रिय पावर ट्रांसफार्मर की संख्या बढकर 1030 हो गई है, जिसमें 400 के.व्ही. के 38 पावर ट्रांसफार्मर, 220 के.व्ही. 216 एवं 132 के.व्ही. के 776 पावर ट्रांसफार्मर क्रियाशील है। एम.पी. ट्रांसकों प्रदेश में अपने 417 एक्स्ट्रा हाईटेंशन हाईटेंशन सबस्टेशनों के माध्यम से विद्युत पारेषण करती है जिसमें 400 के.व्ही. के 14 सबस्टेशन, 220 के.व्ही. के 88 एवं 132 के.व्ही. के 315 सबस्टेशन क्रियाशील है।

रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार
इंदौर प्रति मंगलवार , 30 सितम्बर 2025 से 6 अक्टूबर 2025 तक



# जिला आपूर्ति अधिकारी एवं जिला प्रबंधक शिवपुरी के आदेशों को केंद्र प्रभारी एवं फूड इंस्पेक्टर पिछोर ने किया दरकिनार कराया ओवरलोड चालू

## केंद्र प्रभारी पिछोर के संरक्षण में नियम के विरुद्ध कराया जा रहा है ओवरलोड परिवहन

जगदीश पाल

पिछोर (शिवपुरी) मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना शासन की महत्वाकांक्षी योजना है इस योजना का उद्देश्य बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराना था मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम पर बनी मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना को अधिकारियों ने भ्रष्टाचार दिया गया है जिसमें शिवपुरी जिले के अधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री की छवि को भी खराब किया जा रहा है मध्य प्रदेश शासन द्वारा इस योजना में सभी अन्नदूत लाभार्थी को प्रत्येक माह की दिनांक 11 से 30 तारीख तक सभी शासकीय उचित मूल्य की दुकानों पर राशन भेजना होता है किंतु और ठेकेदारों द्वारा ऐसा एक भी महीने नहीं किया जा रहा है ना ही राशन लेट भेजने पर किसी प्रकार की पेनल्टी की कार्रवाई भी नहीं की जा रही है जिला प्रशासन से लगाकर विभागीय अधिकारी मेहरबान हैं लगातार अन्नदूत ठेकेदारों एवं केंद्र प्रभारी पिछोर दुष्यंत माझी द्वारा ओवरलोड परिवहन लगातार कराया जा रहा है अन्नदूत योजना में गाड़ियों की भार क्षमता 75 कुंतल है और गाड़ियों में 170 से अधिक कुंतल भर भर के राशन की दुकानों पर भेजा जा रहा है जिस पर एसडीएम मुख्यालय से लगाकर जिला प्रशासन की ओर से पत्राचार जारी कर दिए जाते हैं कि किसी भी परिस्थिति में ओवरलोड परिवहन नहीं होना है ऐसा

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 09-2025-1 | | | | | | 14:42 | |
| 012 | CHANDAWANI | RO/REG/423/0507012/09/2025/2 | MP33ZC8856 | TC-REG-423-0507012-09-2025-2 | 2900.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 29-09-2025 15:06 | NA |
| 012 | CHANDAWANI | RO/REG/423/0507012/10/2025/1 | MP33ZC8856 | TC-REG-423-0507012-10-2025-1 | 13366.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 1481.000 | 29-09-2025 15:09 | NA |
| | | | | TC-ICDS- | | | | | | | |

केंद्र प्रभारी दुष्यंत माझी एवं अन्नदूत ठेकेदारों द्वारा इसका बिल्कुल भी पालन नहीं किया जा रहा है जिसकी शिकायतें पिछोर एसडीएम से लेकर जिला आपूर्ति अधिकारी कलेक्टर तक हो रही हैं अब यह देखना है कि दुष्यंत माझी केंद्र प्रभारी ओवरलोड वाहनों से राशन भेजना बंद करते हैं या नहीं इस प्रकार से अन्नदूत लाभार्थी केंद्र प्रभारी से मिलकर ओवरलोड वाहन और गाड़ियों पर प्राइवेट ड्राइवर रख दिए हैं जो की सभी दुकानों पर राशन भेज रहे हैं ट्रक चलानो पर हस्ताक्षर फर्जी ड्राइवरो द्वारा कराए जा रहे हैं जो कि बहुत गलत है।

### 16 दिसंबर को कराया केंद्र प्रभारी पिछोर में दुष्यंत माझी ने सैकड़ो कुंतल का राशन घोटाला

16 दिसंबर 2024 को केंद्र प्रभारी पिछोर दुष्यंत माझी ने ठेकेदारों से मिलकर राशन घोटाला कराया है जो की जंगीपुर गोदाम से चार गाड़ी लोड कराई हैं तो ट्रक चलानो के अनुसार प्रथम गाड़ी में राशन 19 कुंतल राशन लेकर बडेरा दुकान पर भेजी गई द्वितीय गाड़ी को केवल 84 कुंतल राशन दिया तृतीय गाड़ी को केवल 75 कुंतल राशन दिया चौथी गाड़ी को 314 कुंतल राशन भरकर बडेरा दुकान पर भेजा गया जो की गाड़ी की क्षमता के अनुसार चार गुना ज्यादा राशन अधिक लोड कराया गया जिसकी दुष्यंत माझी ने प्रथम गाड़ी से 212 कुंतल राशन का महा घोटाला चतुर्थ गाड़ी से ठेकेदार से मिलकर कराया।

आरटीआई लगाने पर भी नहीं दे पा रहे हैं जानकारी

इस संबंध में जब हमें जानकारी लगी कि दुष्यंत मांझी द्वारा 16 दिसंबर में सैकड़ो कुंतल राशन घोटाला कराया है जोकि पोर्टल पर हो रहा है प्रदर्शित हमारे द्वारा सूचना अधिकार के तहत आरटीआई लगाकर जानकारी मांगी गई 4 महीने हो गए हैं किंतु केंद्र प्रभारी दुष्यंत माझी एवं जिला प्रबंधक शिवपुरी द्वारा कोई भी जानकारी देने मैं असमर्थ दिखाई दे रहे हैं।

### जिम्मेदार अधिकारियों ने फोन उठाने से किया परहेज

विकासखंड खनियाधाना एवं पिछोर में लगातार ओवरलोडिंग केंद्र प्रभारी एवं फूड इंस्पेक्टर के संरक्षण में चल रही है इस संबंध में हमारे द्वारा विभागीय अधिकारी जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम शिवपुरी एवं पीडीएस प्रभारी शिवपुरी शिवानी गुप्ता को फोन लगाया तो उन्होंने फोन कॉल का जवाब नहीं दिया एवं केंद्र प्रभारी पिछोर त्रिवेद कांत को हमारे संवाददाता ने फोन लगाया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया इससे स्पष्ट हो रहा है कि ऐसा भी बड़े भ्रष्टाचार में लिप्त है ।

दैनिक रणजीत टाइम्स
जिला एवं तहसील स्तर पर
एजेंसी देना है
अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।
सम्पर्क करें
8224951278 :: 9827068888

# यज्ञों से वायु शुद्ध होकर सार्वजनिक स्वास्थ्य सुधरता है

सस्ती 54 पक्षकार की जड़ी बूटी से यज्ञ में आहुतियां समर्पित

निःशुल्क यज्ञायोजन में महिला, पुरूष व बच्चो ने भाग लिया

09 दिवसीय यज्ञ की पूर्णाहुति 01 अक्टूबर को

गायत्री परिवार का उद्देश्य जन जन से यज्ञ कराना









इन्दौर गायत्री शक्तिपीठ केशर बाग इन्दौर में गायत्री परिवार के प्रमुख डॉ. प्रणव पण्ड्या व शैल जीजी के निर्देश पर 09 दिवसीय, 09 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ निःशुल्क किया जा रहा है जिसमें महिला पुरुष व बच्चे भाग लेकर यज्ञीय उर्जा की आत्मसात कर रहे हैं यज्ञ में सस्ती 54 प्रकार की जडी बुटियों से आहुतिया दी जा रही है। गायत्री परिवार के सुत्र संचालक पं. श्रीराम शर्मा आचार्य ने आरंभ से ही यज्ञ में कीमती सुगंधित पदार्थों की आहुति डालने से मना दिया था। यज्ञ को सर्व सुलभ बनाने के लिए स्त्री रोग नाशक जडी बुडियो का उपयोग किया जाता है। यज्ञ के आरंभ में केवल 04 आहुतियां शुद्ध घी से समिधाधनम करते समय दी जाती है।

उक्त जानकारी देते हुए सजल तिवारी ने बताया कि गायत्री शक्ति पीठ के केशर बाग रोड़ इन्दौर में कुण्डीय गायत्री महायज्ञ व संस्कार प्रातः 08 बजे से निःशुल्क कराया जा रहा है। 01 अक्टूबर को कुण्डीय यज्ञ की पूर्णाहुति व संस्कार विभिन्न पारियो में होंगे। दोपहर 12:30 बजे से भोजन प्रसादी वितरित की जावेगी। यज्ञ संचालन करते हुए पंडित प्रतीक चर्तुवेदी ने कहा कि यज्ञ सब कामनाओ से पूर्ण करने वाला होता है। यज्ञ के समान के पवित्र कार्य मनुष्यो को कराना चाहिए। यज्ञ करने वालो के वश में देवगण भी रहते है। गायत्री यज्ञ को विद्वानो ने शुभ कार्य माना है। देवपूजन, नम्रता तिवारी, बलराम राठौर, गुलाब राव, कुसुम श्रीवास्तव, मीनाक्षी कनाडे, रचना कटरे, अशोक उपाध्याय, माधुरी जाधव, श्वेता श्रीवास्तव, कैलाश वर्मा, रानु राठौर, मंजुषा उपाध्याय व महेन्द्र गुप्ता ने किया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिंटर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन 22 सेक्टर एफ सांवेर रोड़, इण्डस्ट्रीयल एरिया इंदौर म.प्र. एवं जी -1 कॉस्मिक रीजेंसी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर म.प्र. से प्रकाशित
संपादक गोपाल गावंडे (पी.आर.बी.) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादो का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा )